**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**08.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में किसी भी तरह का आर्थिक संकट नहीं है बल्कि वित्तीय अनुशासन के लिए सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। शिमला में आज उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और हिमाचल आत्मनिर्भर राज्य बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार आर.डी.जी. में कट लगाकर राज्य के लोगों का अधिकार छीनने का काम कर रही है और भाजपा भी इसमें राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा पांच गुटों में बंटी हुई है और अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है जबकि प्रदेश के हितों की लड़ाई लड़ने में सरकार का साथ नहीं दे रही है।

--------------------------------------------------------------------------------

## सैजल

भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजीव सैजल ने प्रदेश में निर्माण सामग्री की कीमतों में हो रही लगातार बढ़ोतरी को लेकर राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रदेश में मंहगाई ही कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी पहचान बन चुकी है और आम आदमी का घर बनाना अब एक सपना बनकर रह गया है। सैजल ने कहा कि सीमेंट के दामों में प्रति बेग 15 रूपए तक की बढ़ोतरी और सरिये के दाम में हज़ार प्रति क्विंटल के उछाल ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। राजीव सैजल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार मंहगाई को नियंत्रित करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है और माफिया व बिचौलियों को खुली छूट दे रखी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को जनता के बीच मजबूती से उठाएगी और कांग्रेस सरकार की जन विरोधी नीतियों का हर स्तर पर विरोध करेगी।

--------------------------------------------------------------------------------

## मुद्रा योजना

पीएम मुद्रा योजना ने बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर छोटे व्यापारियों, स्टार्टअप्स और सूक्ष्म और लघु उद्योगों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पिछले ग्यारह वर्ष में इस योजना के तहत 40 लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के 58 करोड़ से अधिक ऋण वितरित किए गए हैं।

--------------------------------------------------------------------------------

## प्रतिबंध

प्रदेश सरकार ने पंचायती राज और स्थानीय शहरी निकाय चुनावों के दृष्टिगत कर्मचारियों के तबादलों पर रोक लगा दी है। मुख्य सचिव की ओर से सभी विभागों को जारी आदेशों में कहा गया है कि अब सामान्य तबादलों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। आदशों में कहा गया है कि चुनाव डयूटी में लगे कर्मचारियों और अधिकारियों को बिल्कुल नहीं बदला जाएगा। यदि किसी परिस्थिति में जरूरी होने पर तबादला करना पड़े, तो इसकी राज्य चुनाव आयोग से पूर्व अनुमति लेनी जरूरी होगी।

--------------------------------------------------------------------------------

**मौसम**

हिमालयी क्षेत्र में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीती रात से रुक—रुक कर हिमपात जारी है, जबकि राज्य के मैदानी और मध्य पर्वतीय इलाकों में बारिश हो रही है। मनाली, अटल टनल, रोहतांग, कुफरी, नारकंडा और खडापत्थर में भी रुक—रुक हल्की बर्फबारी हो रही है। जनजातीय जिला लाहौल—स्पीति में हिमपात के कारण कई प्रमुख मार्गों सहित 26 सड़कें अवरूद्ध हैं। मौसम की स्थिति को देखते हुए, जिला प्रशासन ने स्थानीय लोगों, विशेषकर पर्यटकों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी है। प्रदेश में जारी बारिश और हिमपात के कारण तापमान में भारी गिरावट आई है, जिससे अप्रैल के महीने में भी लोगों को दिसंबर जैसी ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज शिमला, मंडी व कुल्लू जिलों में अलग—अलग स्थानों पर भारी बारिश और ओलावृष्टि की आशंका को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

--------------------------------------------------------------------------------

**नीति आयोग**

नीति आयोग के अपर सचिव राजीव सिंह ठाकुर ने क्षेत्रीय स्तर पर वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्यों के बीच अधिक समन्वय पर जोर दिया है। नई दिल्ली में वेल्डिंग और कटिंग टेक्नोलॉजी पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्यों में औद्योगिक वृद्धि को बढ़ावा देने में नीति आयोग का सहयोग महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

--------------------------------------------------------------------------------